राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

छत्रपति संभाजी नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ

महाराणा प्रताप देश की आन बान और शान के प्रतीक- राज्यपाल

जयपुर, 18 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को छत्रपति संभाजी नगर महानगरपालिका द्वारा आयोजित अश्वारूढ़ शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह में भाग लिया।

देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का बटन दबाकर अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य की चर्चा करते हुए कहा कि देश के वह प्रथम स्वाधीनता सेनानी थे जिन्होंने मुगलों को भारत में टक्कर दी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप देश की आन बान और शान के प्रतीक है। उनकी प्रतिमा हमें देश के स्वाभिमान और गौरव के लिए सदा प्रेरित करती रहेगी।